## पटरी पर पड़ा रहा शव, डेढ़ घंटा खड़ी रही ट्रेन

**शहडोल, देशबन्धु।** इन दिनों पुलिस की लापरवाही दिनों दिन बढ़ती जा रही है। नाइट में कमजोर गश्त के बाद अब मर्ग विवेचना में देरी से पहुंचने का मामला सामने आया है। मंगलवार की शाम कोयलारी फाटक के रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा था, नर्मदा एक्सप्रेस के चालक ने ट्रेन रोककर घटना की जानकारी स्टेशन प्रबंधक को दी। मामला कोतवाली क्षेत्र होने के कारण पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस समय पर नहीं पहुंची, जिसके कारण एक घंटे 40 मिनट ट्रेन घटनास्थल पर ही खड़ी रही। रेलवे अधिकारियों का कहना था कि मृतक के शरीर में किसी प्रकार के चोंट के निशान नहीं होने और शव पटरी पर पड़े होने के कारण ट्रेन को पुलिस के आने तक रोका गया था। इस दौरान यात्रियों को पेरशानियों का सामना करना पड़ा।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोयलारी रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। मंगलवार की शाम स्थानीय लोगों ने शव को ट्रैक पर देखा और घटना की जानकारी जीआरपी सहित कोतवाली पुलिस को दी। घटना के तुरंत बाद पुलिस नहीं पहुंची, जिसके कारण करीब पौने दो घंटे तक नर्मदा एक्सप्रेस को रोक दिया गया। रात करीब साढ़े सात बजे कोतवाली पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया इसके बाद 7.45 बजे ट्रेन रवाना हुई।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नर्मदा एक्सप्रेस को मेन लाइन से ही निकाला गया था। इसी ट्रैक में युवक का शव भी पड़ा हुआ था, मृतक के शरीर में किसी प्रकार के चोट नहीं होने के कारण ट्रेन को आगे नहीं बढ़ाया गया। पुलिस पहुंचकर जब शव को अपने कब्जे में ली इसके बाद ट्रेन रवाना हुई। इस दौरान कटनी जाने वाले अन्य ट्रेनों को तीसरी लाइन से रवाना किया गया।

नर्मदा एक्सप्रेस के यात्रियों ने बताया कि मंगलवार को ट्रेन पहले ही करीब ढाई घंटे देरी से शहडोल पहुंची। इसके बाद कोयलारी में करीब पौने दो घंटे खड़ी रही। यात्रियों कहना है कि ट्रेन के आने का समय 3.22 बजे है, जो शाम 5.49 मिनट शहडोल पहुंची और 6.05 बजे रवाना हुई। कोयलारी फाटक में 1 घंटा 40 मिनट खड़ी रही और रात 7.45 बजे रवना हुई।

## कर्ज से परेशान व्यापारी ने की आत्महत्या

**शहडोल, देशबन्धु।** यहां एक कपड़ा व्यापारी ने कर्जदारों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। इस व्यापारी ने मंगलवार को कॉम्प्लेक्स की छत में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दिगंबर कांप्लेक्स में रहने वाला 45 वर्षीय कपड़ा व्यवसाई श्रेयांश कुमार जैन काफी समय से गंभीर बीमारी से परेशान था। साथ ही उसने कई लोगों से कर्ज लिया हुआ था। पैसों के लिए कर्जदार उसे परेशान कर रहे थे। बीमारी और कर्ज के बोझ तले दबे होने की वजह से प्रताड़ित होकर उसने यह कदम उठाया है।

मौके से मृतक श्रेयांश जैन का सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उन्होंने कर्ज की वजह से जान देने का जिक्र किया है। जबलपुर का रहने वाला श्रेयांश शहडोल में रहकर कपड़े की दुकान चलाता था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दिवान ने बताया कि सुसाइड नोट मिलने के बाद इस मामले की जांच की जा रही है।

## तीन लाख के जेवरात बरामद, पांच गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की ब्यौहारी पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए चोरी के 02 प्रकरणों मे फरार चल रहे 05 आरोपियों को गिरफ्तार, उनके पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित तीन लाख रुपए का मशरूका जप्त किया है।

ब्यौहारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को फरियादी रामचरण गुप्ता ने थाना ब्यौहारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मेला में गया था। वापस आकर देखा तो उसके घर का ताला टूटा हुआ था तथा पेटी एवं आलमारी मे रखे सोने चांदी के जेवर अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया है। जिस पर थाना ब्यौहारी मे चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



इसी प्रकार 08 मार्च को फरियादी राजीव ताम्रकार के द्वारा थाना ब्यौहारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 07-08 मार्च की दरम्यानी रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर मे घुसकर सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये है। जिस पर थाना ब्यौहारी मे चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । उक्त प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा एसडीओ पी. ब्यौहारी एवं थाना प्रभारी ब्यौहारी एवं अधीनस्थ स्टाफ को अज्ञात आरोपियों की पता तलाश कर गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

थाना प्रभारी ब्यौहारी द्वारा अज्ञात आरोपियों की पता तलाश हेतु 02 टीमों का गठन किया जाकर लगातार पता तलाश की गई, दौरान पता तलाश मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुदरिया मे रहने कुछ व्यक्ति उक्त चोरी की बारदातों को अंजाम दिया गया है। जिसपर घटना मे संलिप्त छोटू कंजर उम्र 31 वर्ष, रामा कोल उम्र 35 वर्ष, बाबूलाल कोल उम्र 27 वर्ष, सूरज कोल उम्र 18 वर्ष और ओम प्रकाश उर्फ मंजू कोल उम्र 22 वर्ष सभी निवासी वार्ड क्र. 01 पटकहली टोला मुदरिया को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जिस पर आरोपियों द्वारा उक्त चोरी करना स्वीकार किया गया।

पूछताछ के आधार पर उनके द्वारा चोरी किये गये सोने चांदी के जेवर जिसमे एक जोड सोने का मंगलसूत्र, एक जोड सोने की मनचली माला, एक जोड सोने का कान का झुमका, एक जोड सोने की कान की बाली, एक जोड सोने की नाक की कील, तीन जोड चांदी की पायल, एक जोड चांदी की बच्चों की पायल, एक जोड चांदी का छलबल, 18 जोड चांदी की बिछिया आदि सोने चांदी के जेवरात कुल कीमत तीन लाख रूपये जप्त करने मे सफलता मिली है।

प्रकरण मे सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।

### सार-समाचार

## पिकअप और बाइक में भिड़ंत, दो युवक घायल, एक को रीवा रेफर किया

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के जोरा गांव में बुधवार सुबह 4 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। ब्यौहारी पुलिस के मुताबिक, घायल युवक बुढ़वा गांव के रहने वाले हैं। वे जयसिंह नगर से अपने घर लौट रहे थे। जोरा गांव में सामने से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सड़क पर उस वक्त सन्नाटा था। घायल युवक ने हिम्मत दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को फोन किया। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस और पुलिस की डायल 100 मौके पर पहुंची। आसपास के लोग भी मदद के लिए आ गए। दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## एक ट्रक धान की हेराफेरी, जॉच के आदेश



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले में वेयरहाउसों में खाद्यान जमा करने को लेकर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा व्यापक स्तर पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है अनेकों बार अनिमित्ताओं के मामले सामने आने के बाबजूद संबंधो के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलंद है इसी प्रकार का मामला गुनौर तहशील अंर्तगत सुगरहा वेयरहाउस का सामने आया है जहॉ पर दो ट्रक धान जमा कराई गई थी लेकिन संबंधित वेयरहाउस एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने मिल कर फर्जीवाड़ा कर दिया तथा दो ट्रको ं के स्थान पर एक ट्रक धान जमा की गई तथा दो दर्शा दी गई। जॉच में जब मामला समाने आया तो हडकम्प मचा हुआ है एस.डीएम द्वारा जॉच के आदेश दिये गये है। संबंधित प्रकरण की जॉच कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी द्वारा की जा रही है आगे देखना है कौन दोषी पया जाता है। तथा किसके खिलाप कार्यवाही होती है।

## शादिक खान जंप के पन्ना जिलाध्यक्ष नियुक्त

**पन्ना, देशबन्धु।** जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश (जंप) के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना ने पत्रकार मोहम्मद शादिक (शादिक खान) को संगठन का पन्ना जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति डॉ. नवीन आनंद जोशी राष्ट्रीय सचिव भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ नई दिल्ली की अनुशंसा पर की गई है। योग्य और अनुभवी पत्रकार शादिक खान को जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश (जंप) का पन्ना जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। श्री खान डेढ़ दशक से भी अधिक समय से पत्रकारिता क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं और अनेक प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में ब्यूरो चीफ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वे डिजिटल मीडिया रडार न्यूज़ के प्रधान संपादक हैं। पत्रकार मोहम्मद शादिक खान खोजपरक पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। अपनी धारदार लेखनी से समाज को जागरूक करने में योगदान देने वाले श्री खान को जंप का पन्ना जिलाध्यक्ष बनाए जाने के निर्णय का जिले के पत्रकारों ने स्वागत करते हुए संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार ज्ञापित किया है। साथ ही पन्ना जिले में जंप के मजबूत होने की उम्मीद जताई है। पत्रकारों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सदैव सजग रहने वाले श्री खान ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा ईमानदारी समर्पण और क्षमता के साथ निभाएंगें। जिले के पत्रकार साथियों को एकजुट करके पत्रकार सुरक्षा कानून अधिमान्यता रेल किराया रियायत बहाली सहित पत्रकारों के हितार्थ अन्य मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया जाएगा। शादिक खान को जंप का पन्ना जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार बृजेन्द्र गर्ग राकेश शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जंप पन्ना मनीष मिश्रा मेहबूब अली करण त्रिपाठी राकेश शर्मा नीतेन्द्र गुरुदेव, दिनेश शर्मा शिव किशोर पाण्डेय, अमित खरे टाइगर खान अजय द्विवेदी अनिल तिवारी, संजय सिंह राजपूत दुर्गेश शिवहरे जमील खान संदीप पाण्डेय पुष्पेन्द्र द्विवेदी इदरीश खान जीतेन्द्र नामदेव मुस्तकीम खान अर्चना प्यासी वीरेन्द्र सिंह यादव बलराम व्यास राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी श्याम बाबू भानू गुप्ता राम बिहारी गोस्वामी, फूल सिंह त्यागी राजेन्द्र कुमार लोध, मनीष सारस्वत सहित अन्य पत्रकार साथी शामिल हैं।

## होली व ईद की सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क

### शहडोल में निकाला गया फ्लैग मार्च



**शहडोल, देशबन्धु।** होली एवं ईद के त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक शहडोल राम जी श्रीवास्तव के नेतृत्व में दिनांक 12 मार्च को जिला मुख्यालय शहडोल में भव्य फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, आमजन के बीच सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को मजबूत करना तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने हेतु समुचित पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करना था ।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरते हुए सुरक्षा संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव स्वयं उपस्थित रहे एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया ।

उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, उपुअ मुख्यालय, उपुअ महिला सुरक्षा, उपुअ यातायात, थाना प्रभारी कोतवाली, सोहागपुर एवं पुलिस लाईन के अधिकारी / कर्मचारी भी शामिल रहे। फ्लैग मार्च गांधी चौक से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों गंज, पुराना गांधी चौक, इतवारी मोहल्ला, इमाम बाड़ा, जैन मंदिर आदि प्रमुख स्थानों को शामिल किया गया। इस दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ सतर्क दिखाई दिया और आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस पूरी तरह तत्पर है। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## नशे का कारोबारी पकड़ा 35 कोरेक्स सिरप, देशी कट्टा व चार कारतूस बरामद

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के नौरोजाबाद में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खोदरगवाँ सरई पानी रोड स्थित नर्सरी के पास एक व्यक्ति प्रतिबंधित कफ सिरप की सप्लाई देने वाला है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान प्रकाश तिवारी उर्फ गुड्डन के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के पास से 35 नग कोरेक्स सिरप बरामद किए। इसके अलावा, उसके पास से एक देशी कट्टा और 4 जिंदा कारतूस भी मिले। थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा के अनुसार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस और औषधि अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 21,22,एवं 13 औषधि अधिनियम एवं धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाही मे मुख्य रूप से नौरोजाबाद नगर निरीक्षक राजेशचंद्र मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक दिनेश तिवारी, प्रधान आरक्षक प्रमोद पटेल, आरक्षक नरेंद्र सुलखे, अमरीश गौतम, रोशन विश्वकर्मा महिला आरक्षक शाहीन मंसूरी का सराहनीय योगदान रहा।

## रीवा होटल के सामने दो गुटों में मारपीट, जमकर चले लात-घूंसे

**शहडोल, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र में आए दिन आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिसे रोकने पुलिस नाकाम साबित हो रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के रीवा होटल के सामने दो गुटों में जमकर मारपीट हुई है। बीती रात की यह वारदात है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और एक दूसरे को हाथ मुक्के और लात से पीटना शुरू कर दिया। यह मारपीट लगभग आधे घंटे तक चली। सूचना के बाद देरी से पहुंची पुलिस ने मामले पर अपनी पड़ताल शुरू कर दी है। बताया गया कि शहडोल से रीवा पहुंच मार्ग में स्थित रीवा होटल के सामने दो पक्षों में विवाद हुआ है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। विवाद किस बात को लेकर हुआ है, ये स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार रीवा होटल में खाना खाने के बाद यह विवाद हुआ था, जिसमें दोनों पक्ष के करीब 24 से अधिक लोग मौके पर पहुंचे और एक दूसरे को पीटने लगे। मौके पर खड़े कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाई और उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन मारपीट करने वाले युवा मानने को तैयार नहीं थे। और एक दूसरे को बुरी तरीके से पीट रहे थे।

लोगों ने बताया कि मामले की जानकारी हमने कोतवाली पुलिस को दी थी, लेकिन काफी समय के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आधे घंटे तक यह मारपीट की घटना होती रही। मार्ग से आवाजाही करने वाले लोगों भी मारपीट देखडर सहम गए। होटल में खाना खा रहे लोग भी काफी दहशत में थे। आए दिन रीवा होटल के सामने विवाद की स्थिति निर्मित होती है, कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग और फिक्स पॉइंट पर अब लोगों ने सवाल खड़े कर दिए हैं।

## शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज के सभी छात्र उत्तीर्ण

### बीएससी नर्सिंग का दूसरी बार परिणाम रहा शत प्रतिशत



**शहडोल, देशबन्धु।** प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज शहडोल में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष सत्र 2021-22 के छात्र छात्राओं का परीक्षा परीणाम मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के द्वारा घोषित हुआ, जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.एस.सी नर्सिंग प्रथम वर्ष के समस्त विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट रहा।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धात्मक रूप से अध्ययन करते हुए उत्कृष्ट अंक अर्जित किए और महाविद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विदित हो कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के संज्ञान में लेने के बाद सत्र 2020 से रूकी हुई परीक्षाएं संपन्न हुई। सत्र 2021-22 बी.एस.सी नर्सिंग प्रथम वर्ष की परीक्षायें माह सितंबर 2024 में म.प्र. आयु. विवि. जबलपुर द्वारा संपन्न कराई गई थी, जिसमें विद्यार्थी पूर्ण मनोयोग और निष्ठा के साथ परीक्षा में शामिल हुए और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। महाविद्यालय में अध्ययनरत सत्र 2021-22 बी.एस.सी नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा हेमपुष्पा ने 78.80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा जानकी देवी ने 78.10 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा छात्रा लक्ष्मी सिंह ने 78 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान अंक अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

महाविद्यालय के संचालक डॉ. डीके.द्विवेदी ने बताया कि इस कॉलेज में नर्सिंग का यह दूसरा बैच था। प्रथम बैच सत्र 2020-21 का परीक्षा परिणाम माह दिसम्बर 2024 में आया था जिसमें सभी छात्र-छात्रायें शत-प्रतिशत उर्त्तीण हुये थे और यह दूसरा बैच सत्र 2021-22 का भी 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देखकर समस्त संस्थाजन बहुत खुश और गौरवाविन्त महसूस कर रहे हैं। परीक्षा परिणाम देखकर महाविद्यालय परिवार और सभी विद्यार्थियो में खुशी की लहर है ।

संस्था के निदेशक ने इस सतत् 100 प्रतिशत सफलता के लिये पूरा श्रेय संस्था के सभी नर्सिंग फैकल्टी श्रीमती मंगला श्रीवास, सुनील प्रजापति, प्रतिमा विश्वकर्मा, रामेश्वर प्रजापति, प्रीति विश्वकर्मा, यास्मीन बी, दीपांजलि पटेल, पूजा कुशवाहा, रमा सिंह परस्ते, करीना चौधरी, खुशबू सोनी, सीता पनिका, काजल पॉल, अर्चना सिंह, अनुराधा सोनी, नैना कोल इत्यादि को दिया है।

## अवैध उत्खनन पर कलेक्टर सख्त, कार्रवाई के निर्देश, खनिज राजस्व वसूली में हुई बढ़ोतरी

**उमरिया, देशबन्धु।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में जिन क्षेत्रों से अवैध खनिज उत्खनन की शिकायतें मिल रही हैं, उन्हें चिह्नित कर संयुक्त टीम के माध्यम से तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में नई रेत खदानों को स्वीकृत करने की प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए, ताकि खनिज संसाधनों का नियमन सही तरीके से हो सके।



कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने निर्माण कार्यों में खनिज रॉयल्टी के रूप में प्राप्त राशि का प्रतिवेदन शीघ्र जिला खनिज अधिकारी को भेजें। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों पर खनिज विभाग की वसूली बकाया है, उनके खिलाफ एसडीएम और तहसीलदार द्वारा आरआरसी (राजस्व वसूली सर्टिफिकेट) जारी कर सख्त कार्रवाई की जाए।जिला खनिज अधिकारी फरहद जहां ने बैठक में जानकारी दी कि जिले में खनिज राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष में जिले का कुल राजस्व लक्ष्य 62.52 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध 74 करोड़ 31 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है। खनिज मद 0853 में 55.24 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 63.49 करोड़ की वसूली की गई, जबकि 0035 मद में 7.28 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 8.82 करोड़ रुपये की वसूली हुई।

खनिज अधिकारी ने यह भी बताया कि जिन बकायेदारों ने अब तक बकाया राशि जमा नहीं की है, उनके खिलाफ आरआरसी जारी कर अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अवैध खनन और बकायेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि खनिज संपदा का सही उपयोग हो और राजस्व में वृद्धि हो।

## पाली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**उमरिया, देशबन्धु।** आगामी होली, रमजान और ईद के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पाली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओपी शिवचरण बोहित एवं एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह ने की।

अधिकारियों ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए दिशा-निर्देश दिए।बैठक में थाना प्रभारी मदन लाल मरावी, तहसीलदार सनत सिंह, सीएमओ भूपेंद्र सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधा तिवारी, व्यापारी संघ अध्यक्ष विमल अग्रवाल, पार्षद संजीव खंडेलवाल, सुदामा विश्वकर्मा, कालिका प्रताप सिंह, सुशांत सक्सेना सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

एसडीओपी शिवचरण बोहित ने बताया कि होली शुक्रवार को है, जिससे दोनों समुदायों से समन्वय बनाना जरूरी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी से मिल-जुलकर त्योहार मनाने और शांति बनाए रखने की अपील की। एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। व्यापारी संघ अध्यक्ष विमल अग्रवाल ने भीड़भाड़ से ट्रैफिक समस्या पर विशेष योजना की जरूरत बताई, जबकि नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश पटेल ने सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने की मांग रखी। पार्षदों व नागरिकों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।



थाना प्रभारी मदन लाल मरावी ने बताया कि होली पर सुरक्षा कड़ी रहेगी, गश्त बढ़ाई जाएगी और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बल तैनात होगा। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें सभी धर्मों के त्योहार शांति और हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील की ताकि नगर में अमन-चैन कायम रहे।